सीएसआईआर–केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर–सीमैप)
CSIR-Central Institute of Medicinal & Aromatic Plants (CSIR-CIMAP)
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
(Council of Scientific & Industrial Research)
पो.ऑ.–सीमैप, लखनऊ–226015
PO-CIMAP, Lucknow-226 015

CSIR-CIMAP
डा. संजय कुमार
प्रधान वैज्ञानिक
प्रौद्योगिकी एवं व्यापार विकास
फोन नं. 0522–2718598

पत्रांकः सीमैप / टीबीडी / सिड्बी प्रशि. / 04 / 2020–21 दिनांकः 03 / 11 / 2020

प्रिय महोदय / महोदया,

आपको जानकर अपार हर्ष होगा कि विगत वर्षों की भांति यह संस्थान "आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय एवं सगंध पौधों की उन्नत प्रौद्योगिकी" विषय पर भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के सहयोग से दिनांक **25–27 नवम्बर, 2020** के मध्य **ऑनलाइन माध्यम** से एक प्रशिक्षण–सह–प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेंथा की विभिन्न प्रजातियां, सगंध घासें, खस, जिरेनियम, चैती गुलाब एवं अश्वगंधा, सतावर, घृतकुमारी इत्यादि फसलों की कृषि प्रौद्योगिकियों एवं आसवन विधियों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में औषधीय एवं सगंध पौधों की गुणवत्ता की जांच तथा उनके बाजार की भी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। इस कार्यक्रम में कोई भी कृषक, प्रसार कार्यकर्ता, उद्यमी एवं अन्य जो भी इन विषयों की जानकारी प्राप्त करने का इच्छुक हो, भाग ले सकते हैं। भाग लेने हेतु रूपये 2000 / – (रूपये दो हजार मात्र) का शुल्क Director, CIMAP, Lucknow के भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ की मुख्य शाखा में खाता सं. **30267691783**, IFSC कोड SBIN0000125, MICR Code 226002002 में दिनांक **18 नवम्बर, 2020** तक भेजकर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करा सकते हैं, तथा इसका विस्तृत प्रमाण, आवेदन पत्र एवं एक पहचान पत्र के साथ training@cimap.res.in/director@cimap.res.in/sanjaykumar@cimap.res.in पर भेजा जा सकता है। **प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को अपने कम्प्यूटर / मोबाइल में माइक्रोसॉफ्ट टीम एप्लीकेशन** डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण करते समय प्रतिभागी की ई–मेल आवश्यक है क्योंकि ऑनलाइन प्रशिक्षण की लिंक प्रतिभागियों को उनकी पंजीकृत ई–मेल पर ही भेजी जायेगी। अधिक जानकारी के लिए 0522–2718596, 694, 599, 598, 606, 637 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

नोटः सीटों की संख्या 50 प्रतिभागियों तक ही सीमित है। प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर पंजीकरण अन्तिम तिथि से पहले भी बन्द किये जा सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केवल भारतीय नागरिक ही भाग ले सकते हैं।

धन्यवाद।

भवदीय,

संजय कुमार

(संजय कुमार)